Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

**IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, KOSHI (SAHARSA)**

**[Arbitration Case No.-52/2021]**

**Md. Hakim Safi.....................................................Petitioner.**

**Versus**

**The State of Bihar................................Opposite Parties.**

| Serial No. | Date of order of proceeding. | Order with signature of the court. | Office action taken with date |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | **09.3.2026** | (see order below) | |

**आदेश**

यह Arbitration वाद NH-106 के किमी. 0.00 से 106.00 तक में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु सुपौल जिलान्तर्गत मौजा-धरहरा (थाना नं0-128) स्थित Petitioner के प्रश्नगत भूमि अर्जन की कार्रवाई में निर्धारित की गई मुआवजा राशि (Compensation Amount) के विरूद्ध National Highway Act, 1956 के धारा 3G(5) के अन्तर्गत दायर किया गया है।

कागजातों के अनुसार प्रश्नगत जमीन के भू-अर्जन की विवरणी निम्नानुसार है :-

| मौजा/ थाना | खाता/ खेसरा | रकवा (ए.) | भूमि की प्रकृति | Date of 3A | Date of 3D | दर (प्रति एकड़) | कुल मुआवजा | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धरहरा/ 128 | 124/ 3397 | 0.17 | आवासीय | 13.06.2013 | 11.06.2014 | 45,00,000/- | 39,74,555/- | अभिलेख संख्या-164 |

दिनांक-20.2.2026 को उभय पक्ष के Final Argument को सुना। अभिलेख, वाद पत्र, DLAO, Supaul (CALA) तथा कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मधेपुरा के विद्वान अधिवक्ता के जवाब तथा प्रश्नगत भूमि अर्जन से संबंधित कागजातों का अवलोकन किया।

Petitioner के विद्वान अधिवक्ता का कहना है कि उपरोक्त वर्णित परियोजना हेतु Petitioner की उपरोक्त वर्णित जमीन का अधिग्रहण किया गया। उनका कहना है कि Petitioner के प्रश्नगत अर्जित जमीन को व्यवसायिक व आवासीय मुख्य सड़क के स्थान पर सक्षम प्राधिकार द्वारा आवासीय शाखा सड़क दर्ज करते हुए मुआवजा का निर्धारण किया गया है जो सही नहीं है। उनका यह भी कहना है कि प्रश्नगत अर्जित जमीन में आवेदक का एसबेस्टस का दो कमरा का घर-मकान व आंगन व शौचालय बना हुआ है जिसका मूल्यांकन नहीं किया गया है। अतः तदनुसार Petitioner की ओर से प्रश्नगत अर्जित भूमि का किस्म व्यवसायिक मुख्य सड़क/आवासीय मुख्य सड़क निर्धारित करते हुए मुआवजा राशि (Compensation Amount) भुगतान करने का अनुरोध किया गया है।

विपक्षी जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक-2824/भू.अर्जन, दिनांक-15.11.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि छः सदस्यीय समिति द्वारा स्थलीय निरीक्षणोपरांत समर्पित प्रतिवेदन के आलोक में प्रश्नगत अर्जित रकवा का उचित प्रतिकर का भुगतान आवेदक को किया जा चुका है। उनके द्वारा यह भी प्रतिवेदित है कि प्रश्नगत अर्जित रकवा पर अवस्थित संरचना के मूल्यांकन हेतु एन.एच. डिविजन, मधेपुरा द्वारा एजेंसी के रूप में एन.जी.ओ. को अधिकृत किया गया है, तदनुसार संबंधित एन.जी.ओ. द्वारा प्रश्नगत खेसरा पर अवस्थित संरचना के बावत आवेदक के नाम समर्पित मूल्यांकन प्रतिवेदन के आलोक में आवेदक को संरचना का भुगतान किया जा चुका है। उनके द्वारा प्रतिवेदित है कि प्रश्नगत खेसरा-3397 शाखा सड़क के बगल में अवस्थित है, तदनुसार उचित प्रतिकर की गणना करते हुए देय राशि का भुगतान आवेदक को किया जा चुका है। आवेदक आवासीय मुख्य सड़क के किनारे अवस्थित भूमि हेतु निर्धारित दर के अनुरूप प्रतिकर प्राप्त किये जाने योग्य नहीं है। अतः आवेदक द्वारा दाखिल उक्त वाद को

